CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 7 रायपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## लाल आतंक पर पुलिस का शिकंजा, जंगल में घेराबंदी कर 3 नक्सलियों को किया गिरफ्तार



**आईईडी विस्फोट और फायरिंग की घटना में थे शामिल**

**नारायणपुर,** 30 जनवरी (हाईवे चैनल)। पुलिस को सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है. कोडिलयार जंगल में आईईडी विस्फोट और फायरिंग की घटना में शामिल रहे तीन नक्सलियों को जंगल में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. ये सभी नक्सली संगठन में सक्रिय सहयोगी के रूप में कार्यरत थे. यह मामला कोहकामेटा थाना क्षेत्र का है. गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के खिलाफ थाना कोहकामेटा में 191(2), 191(3), 190, 61(2), 111(2)(ख), 103 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

ज्ञात हो कि थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत 17 अक्टूबर 2024 को डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी, बीएसएफ की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर ग्राम धुरबेड़ा, गुमरका, कोडलियार और आसपास क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर रवाना हुए थे. इस दौरान कोडलियार जंगल पहाड़ में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और हथियार लुटने के नीयत से फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया गया. गिरफ्तार माओवादी-आयतु राम उसेण्डी, धोबा वड्दा और धोबा राम घटना में शामिल रहे. घटना में आईटीबीपी के आर. पवार अमर शमराव एवं आर. के.के. राजेश शहीद हुए थे. वहीं आर. 693 अनिल कुंजाम व बस्तर फॉईटर आर. 1058 अरविंद सर्पे घायल थे।

## नशे में ड्राइवर ने झाड़ियों में घुसा दी बस 100 लोग थे सवार, बाल-बाल बचे यात्री





**अंबिकापुर,** 30 जनवरी (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे 43 पर यात्रियों से भरी बस हादसे की शिकार होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. बस अनियंत्रित होकर सड़क छोड़कर झाड़ियों में जा घुसी. बस में करीब 100 यात्री सवार थे. इस हादसे में यात्री बाल-बाल बचे. यह घटना रघुनाथपुर चौकी क्षेत्र के ह॥ 43 सड़क पर ग्राम गंगापुर के पास देर रात हुई. बताया जा रहा कि ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ.

जानकारी के मुताबिक, बदन बस रायगढ़ से बिहार सासाराम जा रही थी. ढाबा में खाना खाने बस को रोकी गई. इस दौरान वाहन चालक ने शराब पिया, फिर बस में यात्रियों को बैठाकर गाड़ी आगे बढ़ाया, इस दौरान गंगापुर गांव के पास ड्राइव ने अपना नियंत्रण होकर बस को झाड़ी में घुसा दी. हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### महाकुंभ में हुए हादसे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे के बाद सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। अर्जी में याचिकाकर्ता ने मांग की है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार से मामले में स्टेटस रिपोर्ट मांगे और जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दे। दरअसल, महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर दूसरे अमृत स्नान से ठीक पहले हादसा हुआ था। इसमें 30 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। दरअसल, महाकुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश देने के साथ नीति और नियमन की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। एक वकील ने यह जनहित याचिका दायर की है। इसमें यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वीआईपी मूवमेंट से आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रभावित न हो, उनके लिए कोई खतरा पैदा न हो और महाकुंभ में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अधिकतम स्थान उपलब्ध कराया जाए।

### बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली, 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में बताने और सत्र के दौरान विपक्ष के मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है।

### गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई, शुभम लोनकर और यासीन अख्तर के खिलाफ ओपन-एंडेड वारंट जारी

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल) ।मुंबई की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ बुधवार को गैर जमानती वारंट जारी किया। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामलों के विशेष न्यायाधीश बी. डी. शेलके ने अपने आदेश में कहा कि अदालत का मानना ??है कि ''वांछित आरोपी बिश्नोई फरार हो गया है या वह समन का पालन नहीं करेगा।''




**चूहा- सुनती हो, यमुना के पानी को लेकर भाजपा और आप में घमासान हो रहा है।**

**चुहिया- हां जी, जबकि दोनों पार्टी यमुना का पानी नहीं पीते हैं!**

## कांग्रेस महापौर प्रत्याशी पर लगाये गये आपत्ति के बाद नामांकन हुआ निरस्त

**कांग्रेसियों ने भाजपा मुर्दाबाद के लगाए नारे, निराकरण हेतु रखा गया पक्ष**

### भाजपा-कांग्रेस दोनो पक्षो द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के माध्मय से रखा गया पक्ष





**धमतरी, 30 जनवरी (हाईवे चैनल)।** नगरीय निकाय चुनाव के तहत धमतरी नगर निगम में नामांकन दाखिल करने के पश्चात स्क्रूटनी की गई। जिसके पश्चात आपत्ति लगाई गई है जिसका आज निराकरण किया गया.

ज्ञात हो कि महापौर के लिए 14 तथा चालीस वार्डो के पार्षद पद हेतु 148 नामांकन फार्म जमा हुए। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी समेत दो पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन पर आपत्ति दर्ज हुई थी। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा के नामांकन पर भाजपा प्रत्याशी के अभिकर्ता कवीन्द्र जैन ने आपत्ति दर्ज कराई थी उनका तर्क है कि कांग्रेस प्रत्याशी नगर निगम में ठेकेदार है। नगर पालिका निगम अधिनियम की धारा 17 (2) के तहत नगर निगम से लाभ प्राप्त करने के चलते चुनाव लड़ने के लिए अपात्र है। रिटर्निंग अधिकारी ने आवेदन को विचाराधीन में रखा था। कांग्रेस प्रत्याशी को इस आपत्ति पर अपना पक्ष रखने के लिए आज दोपहर 12 बजे तक का समय दिया गया था। निर्धारित समय के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी भी निगम कार्यालय के बाहर मौजूद रहे। वहीं भाजपा के आपत्ति कर्ता कवीन्द्र जैन भी वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ निगम पहुंचे साथ ही भाजपाई भी मौजूद रहे। दोनो पक्षो द्वारा अपनी-अपनी बात रखी गई। जिसके पश्चात आयोग द्वारा निर्णय लिया गया की कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किया जा रहा है.कांग्रेसियो ने भाजपा मुर्दाबाद के नारे कक्ष से बाहर निकलते ही लगाए बताया जा रहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग से प्रेक्षक भी आपत्ति के निराकरण हेतु धमतरी पहुंचे थे. वहीं अन्य निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे।

**वार्ड प्रत्याशियों पर आपत्तिः** कांग्रेस के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के प्रत्याशी राकेश लुनिया के नामांकन पर भाजपा प्रत्याशी पवन पटेल ने आपत्ति दर्ज कर कहा था कि वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है और कांग्रेस प्रत्याशी ने पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। इसी तरह कांग्रेस के ब्राम्हणपारा वार्ड के प्रत्याशी राजेश पांडेय के नामांकन पर भाजपा प्रत्याशी कोमल सार्वा ने आपत्ति दर्ज कर तर्क दिया कि उन्होंने सम्पत्ति संबंधी जानकारी छिपाई गई है। आपत्ति पर राकेश लुनिया को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने तथा राजेश पांडेय को अपना पक्ष रखने कहा गया था। इनका निर्णय भी आज लिया जा रहा है। उक्त आपत्ति पर अपना-अपना पक्ष समाचार लिखर जाने तक निराकरण की प्रक्रिया जारी थी।

## रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की मौत

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की तबियत विभिन्न कारणों से खराब हो गई है। उन्हें इलाज के मेडिकल कॉलेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा 12 अन्य श्रद्धालु घायल होकर अस्पताल में भर्ती हुए हैं।

बुधवार की दोपहर तक 14 श्रद्धालु मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं। इनमें श्रावस्ती के कैलाशपुर निवासी संगम (80) व बस्ती के बांसा निवासी आलोक को पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतक संगम के परिजनों ने बताया कि वह दर्शन करने जा रहे थे, इस बीच अचानक रक्तचाप बढ़ने से उनकी हालत खराब हो गई। वहीं, मृतक आलोक कुमार किसी दुर्घटना में घायल होकर पहुंचे थे। उन्हें ने मृत घोषित कर दिया गया। खजुरहट प्रतिनिधि के अनुसार हैदरगंज थाना क्षेत्र के रमवाकला निवासी सोना देवी (50) मंगलवार की शाम को प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए परिजनों और गांव के कुछ लोगों के साथ खजुरहट रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। ट्रेन आने के दौरान भीड़ होने से ट्रेन पर नहीं बैठ पाई। इस बीच अचानक चक्कर आने से उनकी हालत खराब हो गई और वह बेहोश हो गईं। साथ में मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया। जांच-पड़ताल के बाद डॉ. धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया। बीकापुर प्रतिनिधि के अनुसार अयोध्या दर्शन करने आ रहीं भोपाल निवासी रुक्मणी (45) की बुधवार सुबह चौरे बाजार के पास अचानक तबियत खराब हो गई।

## जेके सीमेंट प्लांट में निर्माणाधीन स्लैब गिरा, 3 मजदूरों की मौत; कई घायल



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 3 से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 मजदूर घायल हुए हैं। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एम्बुलेंस भी मौके पर हैं, हालांकि अब तक घायल मजदूरों को अस्पताल नहीं पहुंचाया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा को देखते हुए फैक्टरी के अंदर प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने में जुटी हुई हैं। हालांकि अभी तक मृतकों और घायलों की सटीक संख्या की प्रशासनिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन हादसे के कारणों का पता लगाने में जुट गया है।

## अमेरिका में सैन्य हेलीकॉप्टर से टकराया विमान जहाज में सवार थे 60 यात्री; 18 के शव बरामद



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय बुधवार को एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हादसे के बाद निकटवर्ती पोटोमैक नदी में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। फिलहाल 18 शवों के बरामद किए जाने की बात सामने आ रही है। विमानन कंपनी 'अमेरिकन एयरलाइंस' के मुताबिक, विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। हवाई अड्डे पर विमान परिचालन रोक दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि यात्री विमान से टकराए सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हेलीकॉप्टर जीवित लोगों की तलाश एवं बचाव के लिए घटनास्थल के हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहे हैं। हवाई अड्डे के ठीक उत्तर में जॉर्ज वॉशिंगटन पार्कवे के पास स्थित एक स्थान से बचाव नौकाओं को पोटोमैक नदी में उतारा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई भयावह दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई है। इस बीच अमेरिकी गृह मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए तटरक्षक बल सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार रात लगभग नौ बजे हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया।

दुर्घटना के समय हवाई यातायात नियंत्रण टावर से प्राप्त ऑडियो में एक नियंत्रक को यात्री विमान के संदर्भ में हेलीकॉप्टर के पायलट से पूछते हुए सुना गया कि पीएटी25 क्या आपके पास सीआरजे दिख रहा है। विमानन कंपनी 'अमेरिकन एयरलाइंस' ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उसे इन खबरों की जानकारी है कि उसका एक विमान इस दुर्घटना में शामिल है। आपातकालीन कर्मचारी विमान दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं।

## महात्मा गांधी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, वह भारत की आत्मा हैं : राहुल गांधी



**बापू को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि**

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और आरोप लगाया कि आज ऐसे लोग हैं जो खुद की ब्रांडिंग के लिए राष्ट्रपिता के चश्मे और लाठी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन देश भर में गांधीवादी संस्थानों को नष्ट कर रहे हैं। नाथूराम गोडसे ने 1948 में आज ही के दिन बापू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर पोस्ट किया, सत्य, अहिंसा, सर्वोदय और सर्वधर्म समभाव के बापू के विचार आज भी हमारा मार्ग प्रशस्त करते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो सभी के लिए समानता और उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, आइए, भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। उन्होंने 'एक्स% पर पोस्ट किया, सत्य, अहिंसा और निडरता की शक्ति बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़ें हिला सकती है ङ्क पूरा विश्व बापू के इन आदर्शों से प्रेरणा लेता है। राष्ट्रपिता, महात्मा, हमारे बापू को उनके शहीद दिवस पर शत-शत नमन। खरगे और राहुल ने गांधी स्मृति पहुंचकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## गांधी के आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं : मोदी



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा, पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं हमारे देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि देता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाह ने कहा कि स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के प्रति उनके विचार देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। शाह ने एक्स पर लिखा, सत्य, अहिंसा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के भारतीय मूल्यों को विश्व भर में लोकप्रिय बनाने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी व्यक्ति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मैं कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। महात्मा गांधी ने देश को एकता के सूत्र में बांधकर स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत किया। स्वच्छता, स्वावलंबन और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के प्रति उनके विचार देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे। भारत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर तथा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान के सम्मान में हर वर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाता है। शहीद दिवस के इस अवसर पर, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) और राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय (एनजीएम) ने भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार और प्रसार भारती अभिलेखागार के साथ मिलकर महात्मा की यात्रा- उनके अपने दस्तावेजों के माध्यम से शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी की घोषणा की है।

CMYK